UP Board Solutions for Class 6 Civics Chapter 5 जिला प्रशासन

अभ्यास

प्रश्न 1.
जिले के प्रमुख अधिकारी कौन-कौन हैं?
उत्तर :

1. जिलाधिकारी
2. जिलान्यायाधीश
3. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
4. मुख्य चिकित्साधिकारी
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
6. मुख्य विकास अधिकारी
7. जेलर

प्रश्न 2.
जिला प्रशासन के कार्य लिखिए।
उत्तर :

- जिले में शान्ति और व्यवस्था बनाए रखना।
- भूमि व्यवस्था जैसे-भूमि माप, खसरा, खतौनी का रख-रखाव व लगाने की वसूली करना।
- नागरिक सुविधा व सभी को विकास के समान अवसर देना।

हम सभी के लिए पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधा आवश्यक है। सभी जीवन की सुरक्षा चाहते हैं। इन कार्यों के लिए जिले में बहुत से सरकारी विभाग, अधिकारी व कर्मचारी होते हैं।

प्रश्न 3.
लोगों के जान-माल की सुरक्षा कौन करता है ?
उत्तर :
लोगों के जान-माल की सुरक्षा पुलिस अधीक्षक करता है।

प्रश्न 4.
जिले में बीमारियों की रोकथाम व परिवार कल्याण संबंधी कार्य कौन देखता है ?
उत्तर :
जिले में बीमारियों की रोकथाम व परिवार कल्याण सम्बन्धी कार्य मुख्य चिकित्साधिकारी देखता है।

प्रश्न 5.
जिले में प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था कौन करता है ?
उत्तर :

जिले में प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी करता है।

प्रश्न 6.
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

- जिले का कामकाज देखने वाला जिलाधिकारी होता है।
- जेलों में कैदियों को सुधारने का प्रयास किया जाता है।
- जिले में माध्यमिक शिक्षा की व्यवस्था जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी करते हैं।

प्रश्न 7.
जिले की व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी को किस-किस का सहयोग आवश्यक है ?
उत्तर :
जिले की व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी को जिलान्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जेलर तथा जिले के लोगों का सहयोग आवश्यक है।

प्रश्न 8.
सही उत्तर के सामने सही **(✓)** का चिह्न लगाइए –

(अ) जिले में प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था करते हैं –

(क) आयुक्त
(ख) जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (✓)
(ग) जिलाधिकारी
(घ) मुख्य विकास अधिकारी।

(ब) जिले में परिवार कल्याण के कार्य करवाता है –

(क) पुलिस अधीक्षक
(ख) लोक अदालत
(ग) जेलर (✓)
(घ) मुख्य चिकित्साधिकारी

https://www.evidyarthi.in/